# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

Important notice regarding Yearly secondary examination 2024 & Intermediate (Art, Science & Commerce)

# Jharkhand lab

01/02/2024

$10^{th}$ & $12^{th}$ BOARD EXAMINATION 2024

It is hereby informed to all the students of $10^{th}$ and Intermediate (Art, Science and Commerce) that their board examination of 2024 is postponed till further updates due political uncertainties. The students should continue their preparation until further notice. The examination is expected to continue from April onwards and total 5 model set papers will be provided for each subject.

Sd/

Secretary

Jharkhand Academic Council,

Ranchi

FAKED

FAKED

FAKED

Jharkhand lab

Verified by Jharkhand lab

# जैक ने दसवीं और बारहवीं 2024 की बोर्ड परीक्षा स्थगित की

रांची. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने दसवीं और बारहवी की बोर्ड परीक्षा स्थगित कर दी. काउंसिल के सचिव के अनुसार राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. बोर्ड परीक्षा की तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी. बोर्ड ने कहा कि विद्यार्थी अपनी तैयारी जारी रखें.


FAKED
FAKED
FAKED
Verified by jharkhand lab

## झारखंड अधिविद्य परिषद • मैट्रिक-इंटर की बोर्ड परीक्षा कैंसिल होने की अफवाह से परीक्षार्थी रहे परेशान

# परीक्षा स्थगन के वायरल नोटिस पर जैक ने कहा- यह फर्जी

एजुकेशन रिपोर्टर | जमशेदपुर

झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से मैट्रिक व इंटर की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू होनी है। इसी बीच गुरुवार को परीक्षा को स्थगित करने को लेकर एक मैसेज वायरल हुआ। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे इस मैसेज में लिखा था- राज्य में उपजे राजनैतिक हालात को देखते हुए बोर्ड परीक्षाओं को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब संभवतः अप्रैल में बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा सकती हैं। इसके लिए हर विषय के 5 मॉडल पेपर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी इससे बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर सकें। इसके लिए विद्यार्थी वेबसाइट देखते रहें। बोर्ड परीक्षाओं के स्थगित करने के फर्जी नोटिफिकेशन को जैक की वेबसाइट के नोटिस विंडो पर शेयर किया गया है, ताकि लोगों को यह सच लगे और इस मैसेज पर वे विश्वास करें।


JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

Sd/-

Secretary

Jharkhand Academic Council,

Ranchi

इस नोटिस के सोशल मीडिया पर आते ही परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया और वे इसकी सत्यता जानने के लिए फोन घुमाने लगे। कई अभिभावकों ने जैक चेयरमैन तक को फोन कर दिया। इधर, जैक ने इस प्रकार के किसी मैसेज को जारी करने से इनकार किया और छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने की सलाह दी।

**परीक्षा न स्थगित हुई है और न होगी:** जैक चेयरमैन अनिल कुमार महतो ने कहा- जैक की ओर से बोर्ड परीक्षा स्थगित करने का कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है और न ही उन्हें इसकी कोई जानकारी है। विद्यार्थी इतना जान लें कि बोर्ड परीक्षा न तो स्थगित हुई है और न होगी। ऐसे में इस मैसेज पर ध्यान न देकर विद्यार्थी पूरे मन से बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे रहें। परीक्षा निर्धारित तिथि व समय पर ही होगी।

Jharkhand lab

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**महत्वपूर्ण सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या - 09/2024**

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के परीक्षार्थियों, अभिभावकों, केन्द्राधीक्षकों एवं परीक्षा से जुडे सभी पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि परिषद् कार्यालय, राँची, संथाल परगना प्रमण्डल के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका तथा पलामू प्रमण्डल के लिए प्रमण्डलीय कार्यालय, मेदिनीनगर में दिनांक **05.02.2024** से परीक्षा अवधि तक परीक्षा नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा।

**परीक्षा नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या**

**परिषद् कार्यालय, राँची**

कन्ट्रोल रूम- **7485093433, 7485093436, 7485093440, 0651-2261466**

**क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका : 06434-236134 (फोन)**

प्रभारी पदाधिकारी- **8969269055**

**प्रमण्डलीय कार्यालय, मेदिनीनगर**

प्रभारी पदाधिकारी- **7488299404**

- सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं परीक्षा से जुडे सभी कर्मियों/पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा, 2024 के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

ज्ञापांकः JAC/गो./3895/23/SECY/115/24

दिनांक : 31.01.2024,

D.O.P: 01.02.2024

अध्यक्ष के आदेश से,

ह./- सचिव,

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

Jharkhand lab

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI



**हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# अपील

## वार्षिक माध्यमिक / इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2024

विदित हो कि **वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 06 फरवरी 2024 से प्रारम्भ हो रही है।** परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि **संपूर्ण राज्य में परीक्षाओं का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, समय पर परीक्षाफल का प्रकाशन तथा शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यों का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। झारखण्ड सरकार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार भी सभी जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्ध **झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001** के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जनहित एवं राज्यहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे निःस्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ–साथ झारखण्ड की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिये कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

**आएँ झारखण्ड को हम सब मिलकर बनायें ज्ञान आधारित एवं अनुशासन प्रिय प्रदेश**

**हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

Jharkhand lab